पंचदश बिहार विधान सभा

षष्ठम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-2

शुक्रवार, दिनांक-03 अगस्त, 2012 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अप० तक ।

(1) प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 04 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रमांक-3 श्रम संसाधन विभाग को स्थानान्तरित ।

(iii) 20 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक-06 दिनांक 06.08.2012 के लिए स्थगित ।

(v) 07 तारांकित प्रश्न क्रमांक-1, 3, 9, 16, 17, 18 एवं 24 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(vi) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(vii) 102 तारांकित प्रश्न अनागत ।

(2) कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री सम्राट चौधरी एवं श्री भाई वीरेन्द्र से एक ही विषय से सम्बंधित दो अलग-अलग प्राप्त कार्यस्थगन प्रस्ताव के नियमानुकूल नहीं होने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।

विपक्ष के माननीय सदस्यों के इससे असंतुष्ट होने पर आसन द्वारा इस कार्यस्थगन प्रस्ताव को ध्यानाकर्षण में परिवर्तित करने की घोषणा की गई ।

(3) शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दिनेश कुमार सिंह (ii) श्री जनक सिंह

(iii) श्री चितरंजन कुमार (iv) श्री विनोद प्रसाद यादव

(v) श्री रामनरेश प्रसाद यादव (vi) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(vii)	श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह	(viii)	श्री प्रमोद कुमार
(ix)	श्री कृष्णनंदन यादव	(x)	श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह
(xi)	श्री विजय कुमार सिन्हा	(xii)	श्री कुमार शैलेन्द्र
(xiii)	डॉ० दाऊद अली	(xiv)	श्री विनय कुमार सिंह
(xv)	श्री प्रदीप कुमार		

(4) **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य श्री राम लषण राम 'रमण' एवं अन्य सभासदों के खान एवं भूतत्व विभाग से सम्बंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर सोमवार दिनांक 06.08.2012 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(ii) माननीय सदस्य श्री राजेश्वर राज एवं अन्य सभासदों के ग्रामीण विकास विभाग से सम्बंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर बुधवार दिनांक 08.08.2012 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(5) **सभा के समक्ष प्रतिवेदनों का रखा जाना :-**

लोक लेखा समिति के माननीय सभापति श्री ललित कुमार यादव द्वारा लोक लेखा समिति का प्रतिवेदन संख्या-487 को सदन पटल पर रखा गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 2.35 बजे अप० तक ।

(6) **विधायी कार्य :- राजकीय विधेयक :- बिहार आकस्मिकता निधि (संशोधन) विधेयक, 2012 :-**

माननीय प्रभारी मंत्री (उप मुख्यमंत्री) श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुर:स्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खण्डश: विचार के क्रम में माननीय सदस्य श्री राम लषण राम 'रमण' तथा माननीय सदस्य श्री दुर्गा प्रसाद सिंह का संशोधन प्रस्ताव सदन द्वारा ध्वनिमत से अस्वीकृत हुआ और सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । स्वीकृति के प्रस्ताव पर माननीय सदस्य श्री राम लषण राम 'रमण' द्वारा अपना पक्ष रखा गया । माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के पक्ष में अपना विचार प्रस्तुत किया गया तथा विधेयक ध्वनिमत से सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(7) **निवेदन :-**

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल-12 निवेदनों को सदन की सहमति से सम्बंधित विभागों को भेज दिए जाएँगे ।

तदुपरान्त सभा की बैठक सोमवार, दिनांक 06.08.2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-03.08.2012

लक्ष्मीकान्त झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।